मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 199
मंगलवार, 04 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

# दिल्ली में थमा चुनावी प्रचार का शोर, 70 सीटों पर 5 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

**दिल्ली, 03 फरवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान खत्म हो गया। दिल्ली में मुख्य मुकाबला बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। बीजेपी पिछले 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यही कारण है कि भगवा पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वे लगातार तीन वर्षों में फिर से सत्ता हासिल करेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत की। 2013 तक 15 साल तक राजधानी पर राज करने वाली कांग्रेस ने दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए कई शो किए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव प्रचार भले ही बंद हो गया हो लेकिन दिल्ली की जनता ने जो फैसला लिया है उसकी झलक 5 फरवरी को दिखेगी। हमारी पार्टी के कार्यकताओं ने इस बार विधानसभा चुनाव के लिए बहुत मेहनत की है। दिल्ली बीजेपी को पीएम मोदी के नाम और पहचान का फायदा मिला है. पीएम मोदी की वजह से लोगों ने हमें बहुत प्यार दिया है। उन्होंने कहा कि जनता का मूड बता रहा है कि 5 फरवरी को दिल्ली में कमल खिलने जा रहा है।' मैं बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं।



सचदेवा ने कहा कि पीएम मोदी ने दिल्ली के लिए काफी समय दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हमारी पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समय-समय पर बैठकें कीं। सभी बैठकों को जोड़ें तो 650 से ज्यादा बैठकें हमारी पार्टी के नेताओं ने की हैं, जिनमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली की जनता 5 फरवरी को ऐसी सरकार बनाने के लिए वोट करेगी जो डबल इंजन से चलेगी. दिल्ली को लड़ने-झगड़ने वाली सरकार नहीं चाहिए। दिल्ली की जनता 'खेलो इंडिया' कहने वाले को वोट देगी, न कि 'पीलो इंडिया' कहने वाले को। भाजपा सांसद ने कहा कि दिल्ली की जनता 'देश नहीं झुकने दूंगा' कहने वाले को वोट देगी, 'दारू नहीं रुकने दूंगा' कहने वाले को नहीं। 5 फरवरी को दिल्ली के मेरे भाई-बहन 5 साल के लिए बीजेपी की सरकार बनाने के लिए निकलेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, 1.56 करोड़ मतदाता 5 फरवरी को 13,766 मतदान केंद्रों पर मतदान करने के पात्र हैं।

# उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सेंगर को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, 03 फरवरी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को निष्कासित भाजपा नेता और उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को आंख की सर्जरी कराने के लिए 4 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने यह देखते हुए उनकी सजा निलंबित कर दी कि सेंगर की मोतियाबिंद सर्जरी मंगलवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में होनी तय है। अदालत ने उन्हें 5 फरवरी को जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारी राय है कि आवेदक की चिकित्सा प्रक्रिया के उद्देश्य से सजा को निलंबित किया जाना चाहिए, जो कि 20 दिसंबर, 2024 के आदेश में निर्धारित शर्तों के समान शर्तों के अधीन 4 फरवरी, 2025 के लिए तय की गई है। आवेदक को 5 फरवरी को जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। नेता के वकील ने अदालत को सूचित किया कि सेंगर की सर्जरी उनके नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण निर्धारित तिथि पर पहले नहीं की गई थी। अदालत ने पहले भी राजनेता को सर्जरी के लिए अंतरिम जमानत दी थी। पीड़िता के वकील ने याचिका का विरोध किया और तर्क दिया कि सेंगर को अनंत काल तक अंतरिम जमानत नहीं दी जा सकती। अंतरिम जमानत के विस्तार के लिए सेंगर की याचिका, जो बलात्कार मामले में दिसंबर 2019 ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी अपील का हिस्सा थी। उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। उन्होंने अपनी दोषसिद्धि और सजा को रद्द करने की मांग की है। 2017 में सेंगर द्वारा नाबालिग लड़की का कथित तौर पर अपहरण और बलात्कार किया गया था। नाबालिग से बलात्कार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद 20 दिसंबर, 2019 को निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सेंगर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, सेंगर ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर अभी सुनवाई लंबित है।



# कांग्रेस नेता शकील अहमद खान के बेटे ने की खुदकुशी, सरकारी बंगले में पंखे से लटका मिला शव

**पटना, 03 फरवरी।** बिहार के कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान के 18 वर्षीय बेटे अयान खान की पटना में उनके आवास पर आत्महत्या से मृत्यु हो गई। उनका शव गर्दनीबाग स्थित खान के सरकारी आवास पर उनके कमरे में लटका हुआ पाया गया। हालांकि, मौके से अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बिहार के कटिहार जिले के कदवा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक रविवार को अहमदाबाद में थे, जब यह घटना हुई थी और इसके तुरंत बाद वह पटना पहुंचे।



घटना के बाद, विभिन्न दलों के कई नेताओं ने कांग्रेस नेता और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए खान के आवास का दौरा किया। बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन भी शकील अहमद खान के घर पहुंचे। हुसैन ने मीडियाकर्मियों से कहा कि यह बहुत दुखद है। शकील अहमद खान के बेटे की आत्महत्या से मौत हो गई है। जब दरवाजा तोड़ा गया तो नजारा दुखद था। शकील अहमद खान यहां नहीं हैं।

उसकी परीक्षाएं आने वाली थीं, वह एक अच्छा छात्र था और दबाव में लग रहा था। हम शकील अहमद खान के साथ हैं, वह इकलौता बेटा था और इससे अधिक दुखद कुछ नहीं हो सकता। मैंने परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। ऐसा कोई तनाव नहीं था।

## कार और तेल टैंकर की टक्कर में आठ लोग घायल

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मारुति वैन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े तेल टैंकर से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में सात महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मिश्रा ने बताया कि वैन में आर्केस्ट्रा पार्टी के आठ सदस्य सवार थे और वे लखनऊ से कुशीनगर की तरफ जा रहे थे। उन्होंने बताया कि अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में वैन अनियंत्रित होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े तेल टैंकर से टकरा गई और उसमें सवार सभी आठ लोग घायल हो गए। मिश्रा के मुताबिक, हादसे में घायल लोगों की पहचान वैन चालक इरशाद अली, हर्षिता तिवारी (30), गुड़िया विश्वकर्मा (34), पूजा (30), खुशी रॉय, शिखा कुमारी (24), स्नेहा (20) और सौम्या तिवारी (23) के रूप में हुई है।

# बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर 2.33 करोड़ ने लगाई आस्था की डुबकी

- **अचूक सुरक्षा चक्रव्यूह, सीएम योगी ने खुद संभाली महाकुंभ की कमान, तड़के 3 बजे से वॉर रूम में डटे रहे**
- **सबसे पहले नागा साधु, फिर महानिवार्णी और निरंजनी अखाड़े ने लगाई संगम में डुबकी**

**सुरेश गांधी**

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर त्रिवेणी संगम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नागा संन्यासियों के साथ विभिन्न अखाड़ों व देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु भी साक्षी बने। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत भोर में साढ़े चार बजे से स्नान के लिए संगम पहुंचते रहे। सबसे पहले महानिवार्णी के संतों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी और फिर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े ने अमृत स्नान किया। जूना अखाड़े में नागाओं की भारी फौज रही। जूना अखाड़े में किन्नर अखाड़ा भी शामिल रहा। छोटा नागा संन्यासी आकर्षण का केंद्र रहा। कंधे पर बैठाकर संन्यासी उसे संगम ले गए। रास्तेभर वह डमरू बजाता रहा। भीड़ का अंदाजा



इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर 12 बजे तक 1.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। जबकि सायंकाल 6 बजे तक यह संख्या बढ़कर दो करोड़ 33 लाख हो गयी। महाकुंभ का आज 22वां दिन है। 13 जनवरी के पहले अमृत स्नान से लेकर आज खब लिखे जाने तक 34.97 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। कुंभ मेला प्रशासन ने सोमवार की शाम तक पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान लगाया है. खास यह है कि हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से महाकुंभ क्षेत्र गूंजता रहा। त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 20 क्विंटल से अधिक पुष्प वर्षा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह साढ़े तीन बजे से ही अपने सरकारी आवास के वॉर रूम में डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अफसरों के साथ बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर लगातार अपडेट लेते रहे. पिछले हादसे के बाद इस बार कोई चूक न हो, इसलिए मुख्यमंत्री ने सारी जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली है. वे लगातार अधिकारियों से संपर्क में हैं और हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं. **दिखा अचूक सुरक्षा चक्रव्यूहः** भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से वन वे रूट तैयार किया गया है. इसके अलावा पांटून पुलों पर मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसका भी विशेष इंतजाम किया गया है. संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। पुलिसकर्मी सायरन बजाकर भीड़ को हटा रहे हैं। अन्य साधु संत भी पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर देश और प्रदेश की उन्नति की कामना करते दिखे। श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने बसंत पंचमी के स्नान पर्व पर लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से स्नान कर मां सरस्वती की आराधना करने का संदेश दिया है.

**50 करोड़ के ऊपर पहुंच सकते है श्रद्धालुः** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। अभी महाकुम्भ को 23 दिन शेष है और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

# राहुल गांधी ने चुनाव के निष्पक्षता पर उठाये सवाल

**नई दिल्ली, 03 फरवरी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज लोकसभा में बहस के दौरान महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नतीजों पर सवाल उठाया। उन्होंने महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच पंजीकृत मतदाताओं में उल्लेखनीय वृद्धि का दावा किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र की मतदाता सूची में लगभग 70 लाख नए मतदाता जुड़े.। यह हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या जितनी है। शिरडी की एक ही बिल्डिंग में 7 हजार से ज्यादा वोटर जुड़ गए। इस सब में कुछ समस्याग्रस्त है। राहुल गांधी ने कहा, मैं इस सदन का ध्यान महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े कुछ डेटा की ओर खींचना चाहता हूं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच, हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या के बराबर लोगों को महाराष्ट्र की मतदान सूची में जोड़ा गया। लगभग 70 लाख नए वोटर अचानक आ गए। उनका कहना था कि महाराष्ट्र में जितने वोटर पांच साल में नहीं जुड़े, उससे ज्यादा वोटर पांच महीने में जुड़ गए। राहुल गांधी ने दावा किया, शिरडी की एक इमारत में 7,000 वोटर जोड़े गए...दिलचस्प बात यह है कि नए मतदाता ज्यादातर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जुड़े जहां भाजपा को बढ़त मिली। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं। बस यह कह रहा हूं कि निर्वाचन आयोग को महाराष्ट्र चुनाव का डेटा कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) को उपलब्ध कराना चाहिए।






ARUNODAYA Surgical & Trauma Center
अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर

जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी
सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन

डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
Medi Assist STAR
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

A Unit of Salvation Foundation trust, Kandharpur, Jaunpur
The Culture of Care
SALVATION HOSPITAL
साल्वेशन हॉस्पिटल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से निःशुल्क

24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी

डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

# कैंसर जोखिमों को परास्त करने में योग सहायक



-ललित गर्ग

विश्व कैंसर दिवस-4 फरवरी, 2025

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूर्ण दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर कार्यक्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वर्ल्ड कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनीक रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। ह्यमैं हूँ और मैं करूँगा जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी, साल 2040 तक, कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 15.3 मिलियन होने का अनुमान है।

दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करना अपेक्षित है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा, मनोबल एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है और ऐसा होते हुए देखा भी जा रहा है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

हाल के वर्षों में हासिल किए गए महत्वपूर्ण कैंसर अनुसंधान मील के पत्थर को साबित हुए हैं और क्षितिज पर आशाजनक नैदानिक विकास का पता लगाया है। पिछले कुछ सालों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है एवं इस बीमारी से लड़ने एवं इसे परास्त करने में सफलता पाई है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयां एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। इससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वर्ष बढ़े हैं। कैंसर ठीक होने के सवाल में एक और बात बताना जरूरी हो जाता है कि कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निर्भर करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर योग, ध्यान एवं साधना के माध्यम से कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुर्वेद एवं अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो कैंसर से जुड़ी हर पीड़ा, वेदना एवं हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में कभी हार नहीं सकता।

कैंसर अब एक तरह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारी बनती जा रही है। कई बार तो लंबे समय तक यह बीमारी पकड़ में ही नहीं आती। इसका एक बड़ा कारण जागरूकता का अभाव भी है। हालांकि, कैंसर पूर्व के कुछ लक्षण दिखते हैं, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मुंह में सफेद या लाल धब्बे, शरीर में कहीं गांठ बन जाना और उसका बढ़ना, लंबे समय तक खांसी, कब्ज की लगातार समस्या, अधिक थकान और वजन में गिरावट जैसे लक्षणों को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कैंसर संक्रामक रोग नहीं है। कैंसर के मरीजों से दूरी न बनाएं, बल्कि उनके साथ जुड़कर उनको मानसिक संबल दें, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करें। कैंसर की जंग में सकारात्मक सोच रोगी का सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। सकारात्मक सोच वाले शरीर पर ही दवाइयां अपना असर दिखाती हैं। इसलिए कभी भी व्यक्ति को हताश नहीं होना चाहिए। योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। रोजाना 30 मिनट तक योग करके कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। विश्व कैंसर दिवस कैंसर के वैश्विक बोझ पर चिंतन करने के साथ-साथ जांच योगमय संतुलित जीवन और जीवनरक्षक उपचार में हुई प्रगति का जश्न मनाने का भी दिन है। पूरे समुदाय को जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, सामूहिक और सरकारी कार्रवाई को प्रेरित करना है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का पता नहीं कल क्या फैसला करेगें ?



अशोक भाटिया

₹ट्रम्प .... पूरी दुनिया का ध्यान इस एक नाम पर है जो इस समय आतंकित कर रहा है। उद्यमी हों, प्रशासक हों या दूसरे देशों के शासक, कल सुबह यह आदमी क्या फैसला करेगा? किसी को चुप कराने के लिए आप कौन सी नई घोषणा करेंगे? ट्रंप ने कहा, 'हर कोई इस सोच से तंग आ चुका है।' उन्होंने कहा कि हाल ही में ट्रंप ब्रिक्स देशों से नाराज थे। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर डॉलर के मुकाबले कोई अन्य मुद्रा उठाई गई तो ₹याद₹ किया जाएगा। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने डॉलर को दफनाने के लिए यूरो मुद्रा में व्यापार को प्रोत्साहित किया; पूरी दुनिया ने देखा कि सद्दाम के साथ क्या हुआ। अमेरिका यह बर्दाश्त नहीं कर सकता कि कोई हमारे देश को नुकसान पहुंचाए।'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो मैं खुद की भी नहीं सुनता'- यह फिल्मी डायलॉग ट्रंप के लिए बहुत प्रासंगिक है। ट्रंप चुनाव के दौरान किए गए हर वादे को तेजी से पूरा कर रहे हैं। अवैध रूप से अमेरिका में घुसे लोगों को पकड़ा जा रहा है। हर कोई दहशत में है। खालिस्तानी भी हैं जिन्होंने अमेरिका में रहकर भारत के खिलाफ साजिश रची; साथ ही हमास का समर्थन करने वाले छात्र!ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, 'मुझे पता है कि अलगाववादियों से कैसे निपटना है। गुरपतवंत सिंह पन्नू ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के वीडियो में उपस्थित अकेले नहीं थे; ऐसा लगता है कि उन्होंने खालिस्तान के समर्थन में नारे भी लगाए हैं, जिसमें पूछा गया है, ₹खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ ट्रम्प का रुख क्या होगा?₹ पन्नू की कथित हत्या को लेकर भारत और बाइडन प्रशासन के बीच टकराव चल रहा था, लेकिन ट्रंप ने तुरंत घोषणा कर दी कि वह एक-दूसरे को ढूंढेंगे और निष्कासित करेंगे। अमेरिकी पुलिस ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले अपराधियों और अवैध प्रवासियों को ट्रैक करने के लिए कई धार्मिक स्थलों पर छापा मारा। ट्रंप के इस कदम से उम्मीद जगी है कि अमेरिका और कनाडा धार्मिक आधार पर खालिस्तान समर्थकों को शरण दे रहे हैं।

पन्नू अमेरिकी नागरिक है, इसलिए वह भले ही भारत की हिरासत में न हो, लेकिन कनाडा में उसके साथी पकड़े जा सकते हैं। जस्टिन ट्रूडो के पद छोड़ने के बाद अब उम्मीद की जा सकती है कि कनाडा उन अपराधियों को सौंप देगा, जिनकी प्रत्यर्पण सूची भारत ने सूचीबद्ध की है।ट्रम्प ने उन छात्रों की पहचान करना शुरू कर दिया है जो शिक्षा के लिए अमेरिका में रहते हैं और फिलिस्तीनी समर्थक रैलियों में भाग लेने वाले हमास का समर्थन करते हैं, और यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी स्वतंत्रता का लाभ उठाकर आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी व्यक्ति को संयुक्त राज्य में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।उन्हें उनके मूल देशों में भेजा जाएगा और अगर वे देश उन्हें स्वीकार नहीं करते हैं, तो उनके लिए बड़े संकट का एक अध्याय शुरू हो जाएगा। ट्रंप ने ऐसे लोगों के लिए कुख्यात ग्वांतानामो कोस्टल जेल में 30,000 बेड तैयार करने को कहा है। ट्रम्प ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए हैं जो चोरी और हिंसा के आरोपी अवैध प्रवासियों को मुकदमे से पहले हिरासत में रखने की अनुमति देगा।

पिछले 10 वर्षों में, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हर साल अनुमानित 200,000 अवैध लोगों को उनके मूल देशों में भेज दिया गया था। बराक ओबामा के चार साल के कार्यकाल के दौरान लगभग दस लाख लोगों को, बिडेन के तहत 490,000 और ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 770,000 लोगों को निर्वासित किया गया था। ट्रम्प को इस बार सभी रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है।अवैध लोग सबसे बड़ी संख्या में मेक्सिको में प्रवेश करते हैं। चीन, अल सल्वाडोर और भारतीय वहां रहने वाले सबसे बड़े लोगों में से हैं। 2023 में, अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करने के लिए 20,000 से अधिक भारतीयों को गिरफ्तार किया गया था। वास्तव में, संगठित गिरोह अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने में सक्रिय हैं। ये लोग लाखों रुपये इकट्ठा करते हैं। अमेरिका जाने और करोड़ों रुपये कमाने के भ्रम में लोगों को लूट लिया जाता है। मैं आश्वस्त हूँ। हालांकि, यह आंकड़ा लाखों तक जा सकता है।

इसके आलावा ताजा मामला अन्य देशों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर है। ट्रंप ने हाल ही में कनाडा, मेक्सिको और चीन से आने वाले सामानों पर नए शुल्क (टैरिफ) लगाए हैं। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सभी सामानों पर 25% शुल्क लगाया जाएगा। वहीं, चीन से आने वाले सामानों पर 10 फीसदी शुल्क लगाए जाने की बात कही गई है। ट्रंप और उनके समर्थकों का मानना है कि यह कदम इन देशों को अवैध प्रवासन और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। वहीं, ये भी कहा गया कि टैरिफ ट्रंप की आर्थिक रणनीति का हिस्सा हैं। वह इस कदम के जरिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, अमेरिकी लोगों के हितों की रक्षा करने और नौकरियां बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। चुनावी प्रचार में भी ट्रंप ने कहा था कि ये शुल्क ₹आपके लिए कोई लागत नहीं होंगे, यह एक दूसरे देश के लिए लागत होगी₹। लेकिन दुनियाभर के तमाम अर्थशास्त्रियों ने ट्रंप के इस फैसले पर हैरानी जताई है। उनका कहना है कि ट्रंप का ये कदम अन्य देशों के लिए तो नुकसानदेह है ही लेकिन ये खुद आम अमेरिकियों के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

आसान भाषा में समझें तो टैरिफ एक घरेलू कर होता है जो सामानों पर उस समय लगाया जाता है जब वे किसी देश में प्रवेश करते हैं।मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उदाहरण के लिए, अगर किसी कार की कीमत $50,000 है और उस पर 25% टैरिफ है, तो उस कार पर $12,500 का शुल्क लगेगा। खास बात ये है कि यह शुल्क उस घरेलू कंपनी द्वारा चुकाया जाता है जो सामानों का आयात करती है, न कि उस विदेशी कंपनी द्वारा जो सामानों का निर्यात करती है। इस लिहाज से, यह एक सीधा कर होता है जिसे घरेलू अमेरिकी कंपनियां अमेरिकी सरकार को चुकाती हैं।जानकारी के अनुसार, 2023 में अमेरिका ने करीब 3।1 ट्रिलियन डॉलर के सामानों का आयात किया, जो अमेरिकी जीडीपी का लगभग 11% था। इनपर टैरिफ से उस साल 80 बिलियन डॉलर की कमाई हुई, जो कुल अमेरिकी कर राजस्व का लगभग 2% था। सवाल ये उठता है कि आखिर टैरिफ का बोझ अमेरिकियों पर कैसे पड़ेगा। दरअसल, अगर अमेरिकी आयातक कंपनी टैरिफ की लागत के चलते अपने सामानों की कीमतें बढ़ा देती हैं तो इसका बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। अगर अमेरिकी आयातक कंपनी इस लागत को खुद सहन करती है और इसे उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाती, तो इसे आर्थिक बोझ अमेरिकी कंपनियों के रूप में देखा जाएगा।कई अर्थशास्त्रियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2020) में लागू किए गए टैरिफ का ज्यादातर आर्थिक बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं ने ही उठाया। उदाहरण के लिए चीनी आयात पर लगने वाले टैरिफ के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, खिलौने, और यहां तक कि घरेलू सामान की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर जोसेफ स्टिग्लिट्ज का कहना है कि इन टैरिफों का असर अमेरिका और दुनिया के लिए बहुत नकारात्मक होगा। यह स्पष्ट रूप से महंगाई का कारण बनेगा। कनाडा और मेक्सिको से आयातित कारों और ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ लागू होने से अमेरिका में कारों की कीमतें बढ़ सकती हैं, और इस वृद्धि का असर न केवल कार खरीदारों पर पड़ेगा, बल्कि इस उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों पर भी पड़ सकता है।

हाल ही में ट्रम्प ने मेक्सिको, कनाडा और चीन पर जो टैरिफ लगा दिया है। उनके इस फैसले पर दुनियाभर के एक्सपर्ट चिंता जता रहे हैं। ह्यवॉल स?ट्रीट जॉर्नलह्व में पब्लिश एक लेख में रा?ट्रपति ट्रंप की ओर से टैरिफ लगाने की स?ट्रैटजी को ह्यइतिहास का सबसे मूर्खतापूर्ण ट्रेड वॉरह्व करार दिया गया है। ट्रंप अपने चुनावी वादों पर एक्शन लेते हुए मेक्सिको और कनाडा पर 25 और चीन के सामान पर 10 फीसदी का टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसके साथ ही कनाडा से आने वाले फ्यूल पर 10% तक का टैरिफ लगाने का भी फैसला लिया है। ट्रंप का दावा है कि इस नीति से अवैध इमिग्रेशन, ट्रेड डेफिसिट और इलीगल ड्रग्स की समस्या पर लगाम लगेगी। हालांकि, कई इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स इसे आत्मघाती कदम बता रहे हैं।अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू की गई नीतियों के बाद ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ वॉर की नीति अपनाई है। उन्होंने 1.4 ट्रिलियन डॉलर के इम्पोर्टेड सामान पर टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है, जो उनके पिछले कार्यकाल के मुकाबले तीन गुना ज्यादा है।

पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स की सीनियर फेलो मैरी लवली का कहना है कि ये अब तक का सबसे बड़ा आत्मघाती फैसला हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ये कदम अमेरिकी अर्थव्यवस्था को धीमा कर सकता है और महंगाई को और बढ़ा सकता है। इसके अलावा वॉल स्ट्रीट जर्नल में पब्लिश एक आर्टिकल में ट्रंप की टैरिफ रणनीति को ₹इतिहास का सबसे मूर्खतापूर्ण ट्रेड वॉर₹ करार दिया गया है। आर्टिकल में ये आशंका जाहिर की गई है कि कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ टैरिफ लगाने की रणनीति डिजास्टर साबित हो सकती है।

ट्रंप और उनके समर्थक इस टैरिफ नीति को एक मैजिकल टूल मानते हैं, जिससे व्यापार घाटे, अवैध इमिग्रेशन, और ड्रग्स की प्रोब्लम को हल किया जा सकता है। उनका मानना है कि टैरिफ न केवल अमेरिकी व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि सहयोगी देशों पर भी बढ़त हासिल करेगा।ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान महंगाई उतना बड़ा मुद्दा नहीं था, लेकिन मौजूदा समय में किराने के सामान, वाहनों, और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें पहले से ही आसमान छू रही हैं। टैरिफ लगाने से सामान और महंगा हो सकता है, जिससे पहले से परेशान अमेरिकियों पर और अधिक आर्थिक दबाव पड़ने की संभावना है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह टैरिफ नीति अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल सकती है। महंगाई बढ़ने से शेयर बाजार में अस्थिरता और बेरोजगारी बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है। चुनाव के दौरान महंगाई पहले से ही एक बड़ा मुद्दा था और इस नीति से स्थिति और खराब हो सकती है।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण



-रमेश सर्राफ धमोरा

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वगीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरूआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5% बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरूआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है। (आईसीएमआर) के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं। कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

# समाज के वंचित वर्ग को भी मिले पीने को दूध



श्वेत क्रांति से प्रेरित भारत का डेयरी क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बन गया है, फिर भी दूध की पहुँच बहुत असमान है। आय के अंतर, क्षेत्रीय विविधताओं और सामर्थ्य सीमाओं जैसे कारकों के कारण वंचित समूहों के बीच दूध की खपत सीमित है। कुपोषण और अतिपोषण के बारे में बढ़ती चिंताओं के साथ, इस अंतर को पाटने और समाज के सभी वर्गों के लिए समान पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट नीतियों की आवश्यकता है। जब हम सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय समूहों के बीच दूध के सेवन में अंतर देखते हैं तो पाते है कि उच्चतम आय वाले परिवार प्रति व्यक्ति तीन से चार गुना अधिक दूध खाते हैं, जो निम्न आय वालों की तुलना में काफी आर्थिक असमानताओं को दशार्ता है। सबसे कम आय वाले 30% परिवार भारत के दूध का केवल 18% उपभोग करते हैं, जो उच्च समग्र उत्पादन के बावजूद निम्न-आय वाले समूहों में सामर्थ्य सम्बंधी मुद्दों को रेखांकित करता है। शहरी परिवार 30 प्रतिशत का उपभोग करते हैं।

राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जैसे पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में प्रति व्यक्ति खपत अधिक है (333 ग्राम-421 ग्राम प्रतिदिन) , जबकि छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य प्रतिदिन केवल 75 ग्राम-171 ग्राम खाते हैं। हरियाणा की डेयरी-अनुकूल संस्कृति और सहकारी नेटवर्क घरों में उच्च दूध की खपत को बढ़ावा देते हैं। आदिवासी (एसटी) परिवार सामान्य रूप से अन्य परिवारों की तुलना में प्रति व्यक्ति चार लीटर कम दूध का उपभोग करते हैं, जो लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को उजागर करता है। दूध के पोषण सम्बंधी लाभों के बावजूद, डेयरी बाजारों तक सीमित पहुँच और आर्थिक बाधाएँ एसटी समुदायों को कम खचीर्ले, गैर-डेयरी विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित करती हैं। धनी महानगरीय लोग अनुशंसित मात्रा से दोगुने से अधिक उपभोग करते हैं, मुख्य रूप से उच्च वसा, उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों से, कम आय वाले परिवारों के लिए दूध महंगा है, जो 300 ग्राम की अनुशंसित दैनिक खपत को पूरा करने के लिए उनके मासिक खर्च का 10%-30% हिस्सा है।

प्रतिदिन ?300 कमाने वाला एक दिहाड़ी मजदूर सिर्फ. दूध के लिए ?30-?90 का बजट बनाने के लिए संघर्ष कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आहार प्रभावित होता है। ग्रामीण उत्पादकों के पास पर्याप्त भंडारण और वितरण नेटवर्क की कमी है, जिसके परिणामस्वरूप कम आय वाले और अलग-थलग परिवारों तक पहुँचने में अक्षमता होती है। लैक्टोज संवेदनशीलता और आहार सम्बंधी प्राथमिकताएँ दूध के सेवन को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से पूर्वी और आदिवासी क्षेत्रों में, जहाँ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता दी जाती है। झारखंड में आदिवासी जनजातियाँ सांस्कृतिक खाद्य प्राथमिकताओं कारण दालों और बाजरा पर निर्भर हैं। वित्तीय प्रतिबंधों के कारण, कुछ राज्यों ने कल्याणकारी कार्यक्रमों से दूध के प्रावधान को समाप्त कर दिया, जिससे कमजोर समुदायों तक पहुँच सीमित हो गई। छत्तीसगढ़ ने दूध की आपूर्ति बंद कर दी। समान दूध की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं।

**समान दूध की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं। पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाएँ, जो स्कूल के भोजन और घर ले जाने वाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।**

पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाएँ, जो स्कूल के भोजन और घर ले जाने वाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। वितरण लागत को कम करने और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मजबूत डेयरी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए दूध वाउचर पेश करें। गुजरात में डेयरी सहकारी समितियाँ स्थानीय दुकानों पर भुनाए जाने वाले दूध कूपन प्रदान करने के लिए सामाजिक पहलों के साथ काम कर सकती हैं। सब्सिडी वाले दूध वितरण के लिए धन बनाने के लिए सामाजिक बांड, सीएसआर फंडिंग और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर कर लगाने की जाँच करें। दूध वितरण को निधि देने के लिए आइसक्रीम जैसे उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों पर एक छोटा कर लगाया जा सकता है।

महिलाओं और परिवारों को दूध के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और मीडिया भागीदारी का उपयोग करें। महाराष्ट्र के पोषण माह 2024 अभियान ने संतुलित आहार के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई, जिससे ग्रामीण समुदायों में आहार विविधता में सुधार हुआ। अत्यधिक डेयरी सेवन को रोकने के लिए, यूके के चेंज4लाइफ शुगर स्वैप अभियान के समान, स्वास्थ्य संदेश के माध्यम से संयम को प्रोत्साहित करें। डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ स्वस्थ डेयरी उपभोग पैटर्न की वकालत कर सकते हैं, जिससे मोटापे और गैर-संचारी रोगों का बोझ कम हो सकता है। दूध की खपत की असमानताओं को पाटने के लिए लक्षित सब्सिडी, मजबूत सार्वजनिक वितरण प्रणाली और छोटे पैमाने पर डेयरी फार्मिंग के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है। कोल्ड स्टोरेज के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों को बढ़ावा देना पहुँच को बढ़ा सकता है। एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी और जागरूकता अभियानों को एकीकृत करना, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, एक स्वस्थ और अधिक न्यायसंगत भारत को आगे बढ़ाएगा।

